जम्मू और कश्मीर	.	241
कर्नाटक	. .	228
मध्य प्रदेश	. .	3479
महाराष्ट्र	. .	680
पंजाब	. .	3236
राजस्थान	. .	1978
उत्तर प्रदेश	. .	8773
पश्चिम बंगाल	.	600
अन्य	. . .	292
समस्त भारत	:	24213

(ख) जी नहीं ।

(ग) और (घ) देश में गेहूं के उत्पादन और उत्पादकता में वृद्धि करने के लिये 1988–89 से सात बड़े गेहूं उत्पादक राज्यों यथा—बिहार, गुजरात, हरियाणा, मध्य प्रदेश, पंजाब, राजस्थान तथा उत्तर प्रदेश में विशेष खाद्यान्न उत्पादन कार्यक्रम—गेहूं की एक केन्द्र क्षेत्रीय योजना चलायी जा रही है । 1992–93 के दौरान, उच्च पैदावार वाली किस्मों के प्रमाणीकृत बीजों सूक्ष्म पोषक तत्वों, खरपतवार नाशियों, पादक संरक्षक रसायनों, बीज उपचार रसायनों, बैल से खींचे जाने वाले अभिज्ञात उपस्करों तथा पादप संरक्षक उपस्करों के संवितरण पर प्रोत्साहन दिया गया । इसके अलावा, अपतृण नाशियों पर प्रदर्शन तथा किसानों के प्रशिक्षण का भी आयोजन किया गया । उपर्युक्त के अलावा, दिल्ली संघ शासित क्षेत्र सहित सभी गेहूं उत्पादक राज्यों में गेहूं के मिनीकिट प्रदर्शन कार्यक्रम का भी क्रियान्वयन किया गया । इस योजना को 1993–94 के दौरान भी जारी रखे जाने की संभावना है ।

Seperate Funds for Natural IMsasters

532. SHRI H. HANUMANTHAPPA-. Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state:

(a) whethter there is any separate fund allocated by Government to meet demands caused by natural disasters expeditiously;

(b) if so, the details thereof;

(c) whether there is any permanent agency or organisation to administer the above funds in times of need and organise relief operations in the affected areas; and

(d) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (SHRI ARVND NETAM)- (a) and (b) Based on the recommends tions of the IX Finance Commission, a Calamity Relief Fund (CRF) with a separate identiity, has been constituted for each State with specified amount for undertaking relief operations in the wake of natural calamities. The contribution to the Fund with an annual corpus of Rs 804.00 crores is made by the Central Government and the State Governments in the ratio of 3:1. The Central share is released in four equal quarterly instalments.

(c) and (d) A State Level Committee headed by the Chief Secretary of the respective States, is fully empowered to decide on all matters relating to the financing of relief operations in the wake of natural calamities from out of CRF including norms of assistance.

कपास का उत्पादन

533. श्रीमती सुषमा स्वराज :

श्री राम जेठमलानी :

क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि विश्व में कपास की खेती के लिए प्रयुक्त होने वाला भू-क्षेत्र भारत में सर्वाधिक है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि कपास-उत्पादन की दृष्टि से भारत का स्थान कपास का उत्पादन करने वाले देशों में चीन, अमरीका और रुस के बाद चौथा है ;

(ग) क्या यह भी सच है कि विश्व में कपास-उत्पादन की दर की तुलना में भारत कपास-उत्पादन की दर लगभग आधी हैं ;